# यूपी दिवस पर शुरू होगा 'युवा उद्यमी विकास अभियान'

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** यूपी दिवस के अवसर पर सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) शुरू करेगी। सरकार का कहना है कि यह देश का पहला ऐसा प्रोग्राम है, जिसमें युवाओं को उद्यम लगाने के लिए ब्याजमुक्त ऋण दिए जाने की व्यवस्था है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी डीएम-कमिश्नर को योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के चयन की कार्यवाही तेजी से पूरा करवाने और बैंकों से कर्ज उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

24 जनवरी को होगा मुख्य आयोजन

मुख्य सचिव ने गुरुवार को 'उत्तर प्रदेश दिवसः 2025' की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यूपी दिवस पर 24 से 26 जनवरी तक विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावित थीम 'विकास व विरासतः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इसका आयोजन सभी जिलों में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल का चयन जल्द कर लें।

**यूपी की कला व आस्था की झलक दिखेगी :** मुख्य आयोजन में प्रयागराज महाकुंभ, अवध की रामजन्मभूमि, ब्रज की कृष्णजन्मभूमि, बुंदेलखंडः शौर्य की धरती, रुहेलखंड, पश्चिमांचल, पूर्वांचल की संस्कृतियों पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि बनारस, रामपुर, सहसवान, बदायूं, लखनऊ घरानों के कलाकारों की प्रस्तुतियों को भी शामिल किया जाए। सभी संबंधित विभाग प्राथमिकता के साथ आयोजन में हिस्सा लें और विभागीय योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाए।



## सजेगी आयोजनों की श्रृंखला

**12 जनवरी** : युवा दिवस
**23 जनवरी** : नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती
**24 जनवरी** : उत्तर प्रदेश दिवस
**25 जनवरी** : राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस

युवा कल्याण विभाग 12 से 23 जनवरी तक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

**12 से 21 जनवरी** तक जिला स्तरीय, **22 जनवरी** को मंडल स्तरीय और **23 जनवरी** को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

**दिया जाएगा यूपी गौरव सम्मान**

कला एवं संस्कृति, कृषि उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण महिला सशक्तीकरण, ग्राम विकास आदि में व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करने वालों को यूपी गौरव सम्मान दिया जाएगा।